बी.एस.ओ.जी.–173

# चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम

## बहुविषयक कला स्नातक (बीएएम)

**सत्रीय कार्य**

**(जुलाई 2025–2026 सत्र के लिए)**

**पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.ओ.जी.-173**

समाजशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

# बी.एस.ओ.जी.-173ः विकास पुनर्चिंतन

## सत्रीय कार्य (जुलाई 2025 एवं जनवरी 2026 सत्रों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए)

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम.निर्देषिका में सूचित किया था, इग्नू में आपकी प्रगति का मूल्यांकन दो भागों में किया जाता है : (i) सत्रीय कार्यों द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (ii) सत्रांत परीक्षा। आपके संपूर्ण मूल्यांकन में सत्रीय कार्य का भार 30% तथा सत्रांत परीक्षा का भार 70% होता है।

आपको एक 6 क्रेडिट पाठय क्रम के लिए 3 तथा 4 क्रेडिट पाठय क्रम के लिए 2 षिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य करने हैं।

इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में आपके कोर पाठयक्रम **बी.एस.ओ.जी. 173ः विकास पुनर्चिंतन** का षिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य दिया गया है। यह पाठय क्रम 6 क्रेडिट का है। अतः इस पुस्तिका में 3 षिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य हैं जिनके अंकों का योगफल 100 है और भार 30% है।

**सत्रोय कार्य - ए** में विस्तारपूर्ण प्रष्न (DCQs) हैं। इनमें आपको निबंधात्मक उत्तर लिखने हैं जिनमें प्रस्तावना और निष्कर्ष भी होते हैं। इनका लक्ष्य आपकी विषयवस्तु की ठीक से समझ उसे भली प्रकार सुस्पष्ट रूप से व्यक्त करने की क्षमता का मूल्यांकन करना है।

**सत्रीय कार्य - बी** में मध्य स्तर वर्ग (MCQs) के प्रष्न है। यहाँ आपकी विषय की तर्कों के अनुसार व्याख्या करते हुए संगठित उत्तर लिखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। दूसरे शब्दों में, यहाँ आपकी विभिन्न संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं में भेद एवं तुलना कर पाने की क्षमता का आंकलन किया जाएगा।

**सत्रीय कार्य – सी** में, संक्षिप्त उत्तर वर्ग (SCQs) के प्रष्न हैं। ये प्रष्न आपकी व्यक्तियों, रचनाओं, घटनाओं या संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं का पुनःस्मरण कर संबद्ध जानकारी को संक्षेप में व्यक्त करने की क्षमता का विकास करेंगे।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निर्देषिका के निर्देषों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने षिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रष्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रष्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेषिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे।

**सत्रीय कार्य जमा करना**

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 30 अप्रैल 2026 | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास |
| जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 31 अक्टूबर 2026 | |

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने को रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे।

हम आषा करते हैं कि आप सत्रोय कार्यों में दिये गये सभी प्रष्नों के उत्तर दिये गये निर्देषों के अनुसार देंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन** : प्रष्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रष्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन** : अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विष्लेषण जरूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विषेष ध्यान दें।

सुनिष्चित करें कि आप के उत्तर :

(क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;

(ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों, और

(ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तरों से स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम उत्तर साफ.साफ लिखें, जहाँ आवष्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

शुभकामनाओं के साथ !!!

समाजशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,
इग्नू, नई दिल्ली

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य
## बी.एस.ओ.जी.-173ः विकास पुनर्चिंतन

पाठ्यक्रम कोडः बी.एस.ओ.जी–173
एएसएमटी / टीएएम / 2025–2026
कुल अंक :100

इस सत्रीय कार्य में तीन खंड है। प्रत्येक खंड से आप सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### सत्रीय कार्य–I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दो में दीजिए।

1. विकास की प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न कारको और उपकरणों का वर्णन कीजिए। 20

2. विकास के आधुनिकीकरण सिद्धांत की चर्चा कीजिए। 20

### सत्रीय कार्य – II

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दो में दीजिए।

3. विश्व–प्रणाली सिद्धांत को समझने के लिए कोर, परीधि की अवधारणाओं को मौलिक रूप में व्याख्या कीजिए। 10

4. पर्यावरण क्या है? विकास और पर्यावरण के बीच के संबंधो की चर्चा कीजिए। 10

5. सामाजिक विकास की अवधारणा और स्वतंत्रता के बाद भारतीय विकास के अनुभव की व्याख्या कीजिए। 10

### सत्रीय कार्य– III

निम्नलिखित पर लगभग 100 शब्दो में टिप्पणी लिखिए।

6. विकसित, विकासशील और अविकसित देशों के अर्थ की चर्चा कीजिए। 6

7. आधुनिकीकरण की व्याख्या कीजिए। 6

8. विकास में महिलाओं को एकीकृत करने के तरीको की चर्चा कीजिए। 6

9. प्रवासन तथा इसके स्वरूपों का वर्णन कीजिए। 6

10. जमीनी स्तर की पहलों की चर्चा कीजिए। 6